RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 28 मार्च 2024 | वर्ष 05 | अंक 336 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन पर लटकी तलवार !

## उम्मीदवारों की अलग-अलग घोषणा से शरद पवार नाराज

मुंबई: महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन टूटता दिख रहा है. महाविकास अघाड़ी की पार्टियां अलग-अलग अपने उम्मीदवारों का नामों का ऐलान कर रही हैं. उद्धव ठाकरे की पार्टी ने बुधवार को 17 उम्मीदवारों की सूची की घोषणा कर दी, इसके साथ ही कांग्रेस ने इनमें से दो सीटों पर दावा किया. कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने बेहद तीखे शब्दों में इसका विरोध किया. कांग्रेस विधायक विश्वजीत कदम सांगली सीट के लिए पार्टी नेताओं से मिलने दिल्ली गए. इन सभी घटनाक्रमों ने महायुति के नेताओं को महाविकास अघाड़ी के खिलाफ निशाना साधने का मौका दे दिया. सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि एनसीपी शरदचंद्र पवार के अध्यक्ष शरद पवार ने मौजूदा हालात पर नाराजगी जताई है.



शरद पवार ने ठाकरे गुट और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे के विवाद पर नाराजगी जताई है. सूत्रों ने जानकारी दी है कि बैठक में शरद पवार ने इसे लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की. शरद पवार की पार्टी की नेताओं की बैठक हुई. इस बैठक में शरद पवार ने नाराजगी जाहिर की. सूत्रों का कहना है कि शरद पवार ने पार्टी नेताओं को कहा कि महाविकास अघाड़ी के अन्य घटक दल अघाड़ी धर्म का पालन करते नहीं दिख रहे हैं. शरद पवार ने बैठक में कहा कि 'कांग्रेस और ठाकरे समूह ने अघाड़ी धर्म का पालन नहीं किया.

इस बीच, कांग्रेस और ठाकरे गुट की ओर से उम्मीदवारों की सूची जारी होने के बाद अब शरद पवार गुट भी अपने उम्मीदवारों की घोषणा करने जा रहा है. शुरूआत में महाविकास अघाड़ी संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ही सीटों के बंटवारे की घोषणा करना चाहती थी. लेकिन अब सभी पार्टियां अलग-अलग सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर रही हैं. सूत्रों के मुताबिक जल्द ही शरद चंद्र पवार की पार्टी एनसीपी की ओर से लोकसभा उम्मीदवारों की सूची की घोषणा की जाएगी. इस सूची में कुल पांच उम्मीदवारों की घोषणा होने की संभावना है. प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 5 उम्मीदवारों की घोषणा करेंगे. यह बात सामने आई है कि पार्टी की संसदीय बैठक में 10 सीटों पर चर्चा हुई.

### उम्मीदवारों की अलग-अलग घोषणा से पवार नाराज

पवार ने कहा कि 'संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीटों के आवंटन की घोषणा की जानी चाहिए थी और एक साथ सीट बंटवारे की घोषणा करनी चाहिए थी. शरद पवार ने कहा कि महाविकास अघाड़ी के सभी नेताओं को एक साथ आगे आना चाहिए था और एक साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करनी चाहिए थी. बैठक में शरद पवार ने सवाल उठाया, ''जब सीट आवंटन पर चर्चा हो रही थी तो महाविकास अघाड़ी के अन्य घटक दलों ने अलग-अलग सीटों की घोषणा क्यों की?''

बता दें कि पिछले कई दिनों से महाविकास अघाड़ी में सीटों के बंटवारे को लेकर बैठकों का दौर जारी है. प्रत्येक बैठक के बाद नेताओं का दावा है कि सीटों के आवंटन में कोई दरार नहीं है. महाविकास अघाड़ी के नेताओं का कहना है कि उनकी चर्चा जारी है. महाविकास अघाड़ी के नेताओं द्वारा संयम बरता जा रहा था. मतभेदों को मीडिया या दुनिया से सामने रखने की पूरी कोशिश की जा रही थी. लेकिन आखिरकार आज महाविकास अघाड़ी में मतभेद खुलकर सामने आ गए.

# सांगली ड्रग्स फैक्ट्री भंडाफोड़ !

## महिला समेत 10 गिरफ्तार

## 252 करोड़ की 122 किलो एमडी बरामद !



मुंबई: मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच यूनिट-7 और एंटी नारकोटिक्स सेल (एएनसी) घाटकोपर शाखा ने लोकसभा चुनाव से पहले, संयुक्त ऑपरेशन के तहत महाराष्ट्र के सांगली जिले में नशीले पदार्थ बनाने के कारखाने पर छापामार कार्रवाई की है। इस&ल्लुरस्त्र;कार्रवाई में एक महिला सहित दस लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से करीब 122 किलो 500 ग्राम एमडी पावडर (मेफेड्रोन) बरामद किया गया है। जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 252 करोड़ रूपए आंकी जा रही है। इसके अलावा इनके पास से पुलिस ने सोने के आभूषण, नगदी, कार व अन्य सामान बरामद किया है।

पुलिस उपायुक्त (क्राइम) दत्ता नलावडे ने बताया कि, एक गुप्त सूचना मिली थी कि, एक महिला सांताक्रुज-चेंबूर लिंक रोड स्थित सयाजी पगारे चाल कुर्ला (पश्चिम) में मेफेड्रोन पावडर (एमडी) बेचने का काम करती है। जानकारी की पुष्टि करके उक्त महिला को हिरासत में लिया गया, जिसके पास से पुलिस ने 641 ग्राम एमडी, 12 लाख 20 हजार नगद, 25 ग्राम सोने के आभूषण मिला था।

उक्त महिला की निशानदेही पर पुलिस ने मीरा रोड से 1 युवक को गिरफ्तार किया, उक्त युवक की निशानदेही पर पुलिस ने गुजरात के सूरत में छापेमारी कर 2 लोगों को हिरासत में लिया था। उनके पास से 3 किलो एमडी और 3 लाख 38 हजार नगद पुलिस ने बरामद किया। 25 मार्च 2024 को पकड़े गए आरोपियों से जब पुलिस ने कड़ाई से पूछतांछ की तो उन्होंने बताया कि, एमडी ड्रग्स महाराष्ट्र के सांगली जिले के कवठे महाकाल पुलिस की हद के इरले गांव में चल रहे एक कारखाने में बनता है। इसके बाद पुलिस ने इस कारखाने पर कार्रवाई किया और सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# किडनैपिंग, हत्या और राख...

# इंस्टाग्राम स्टोरी से खुला मर्डर का राज

**पुणे** : महाराष्ट्र के पुणे जिले में मर्डर की सनसनीखेज वारदात सामने आई है. पहले एक युवक को किडनैप किया गया और बाद में उसकी हत्या कर दी गई. हत्यारे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के इंस्टाग्राम अकाउंट पर शव को अपनी स्टोरी स्टेटस के रूप में पोस्ट किया था. इस मामले में जिले की चाकन और महालुंगे पुलिस ने जांच शुरू की और पूरे हत्याकांड का खुलासा किया है. साथ ही पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया है. मारे गए युवक की पहचान आदित्य युवराज भांगरे के रूप में हुई है, जो कि 18 साल का था.



हत्या के बाद आदित्य भांगरे के शव को महाराष्ट्र-गुजरात सीमा के जंगलों में जला दिया गया था. वहीं, अब पुलिस इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में सफल हो गई है. भांगरे की हत्या के सिलसिले में अमर नामदेव को गिरफ्तार किया गया है. इस हत्या का मास्टरमाइंड अभी भी पुलिस के चंगुल से फरार है. पुलिस उसकी गहनता से तलाश कर रही है.

यह भी पता चला कि आदित्य के शव का अंतिम संस्कार महाराष्ट्र-गुजरात सीमा पर पहाड़ों में किया गया था. चाकन और महालुंगे पुलिस ने इस मामले में नामदेव को गिरफ्तार कर लिया है. मुख्य सरगना राहुल पवार अभी भी फरार है. पुलिस उसकी तलाश कर रही है. इस पूरे हत्याकांड का खुलासा म्हालुंगे और चाकन पुलिस ने किया है.

### 'दृश्यम' स्टाइल से पुलिस को गुमराह करने की कोशिश

इतना ही नहीं पुलिस को गुमराह करने के लिए आरोपी आदित्य का मोबाइल फोन गोवा ले गए. आरोपियों ने गुमराह करने की कोशिश की जैसा कि फिल्म 'दृश्यम' में दिखाया गया है. लेकिन जब पुलिस ने चाकन गोलीकांड के मामले में हिरासत में लिए गए अमर से पूछताछ की तो पूरी घटना का खुलासा हो गया.

### तीन पहले की गई रितेश पवार की हत्या!

मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस चाकन इलाके में हुई मर्डर के घटना की जांच कर रही थी. तभी जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी अमर नामदेव को गिरफ्तार कर लिया. उससे आगे पूछताछ की गई तो चौंकाने वाली जानकारी सामने आई. इस हत्याकांड के आरोपी राहुल पवार के भाई रितेश पवार की तीन महीने पहले हत्या कर दी गई थी. इंस्टाग्राम स्टोरी पर मारे गए रितेश पवार के शव की कहानी को स्टेटस के तौर पर रखा गया था. रितेश की हत्या करने वाले आरोपी आरोपी आदित्य भांगरे के दोस्त थे. इसी शक में आरोपी राहुल ने अमर और अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर मृतक आदित्य को किडनैप कर लिया, जिस कार से उसको किडनैप किया गया था उसी में तार से उसका गला घोंट दिया गया था.




# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## क्योंकि भरोसा नहीं है

देश-प्रदेश की तस्वीर में हम चंद नेताओं पर अपनी तकदीर का फैसला करना चाहते हैं और यही हमारी लोकतांत्रिक आस्था के स्वरूप को निर्धारित कर रहा है। सवाल जनता के विश्वास से परे हालात पर टिके हैं, इसलिए राजनीतिक सर्कस में भी हम प्रतिभा देखने की गुस्ताखी कर बैठते हैं। जनता राष्ट्रीय स्तर से हिमाचल तक केवल चलाई जा रही है और उम्मीदों तथा संभावनाओं के प्रश्न चुनाव दर चुनाव आगे सरकाए जा रहे हैं। ऐसे में जनता या अपने मतदान के भरोसे पर देश की सुनहरी तस्वीर के प्रति आशावान है या विकल्पों की कमी उसे मजबूरीवश आगे धकेल रही है। इस बीच दिव्य हिमाचल के साप्ताहिक प्रश्न के जवाब में अगर यथार्थ को कबूल करें तो 72 प्रतिशत जनता को अब राज्य के नेताओं पर भरोसा नहीं है। हमने पूछा था कि जनता को हिमाचल के नेताओं पर कितना भरोसा है और जवाब से निकला दबाव बता रहा है कि कहीं विश्वसनीयता का अभाव दर्ज है, फिर भी 25 प्रतिशत लोगों को अपने नेताओं पर भरोसा है तो उन्हें सलाम। यह उस राज्य की जनता का मत है जो अभी तक भोले-भाले लोगों के लिए जानी जाती है। यह उस प्रदेश की गणना है जहां जनादेश के फलक पर सरकारों को हर बार बदलने की परंपरा दिखाई देती है। यहां का मतदाता बेहद जागरूक समझा जाता है, फिर भी उसके भरोसे के अनुरूप प्रतिनिधि सामने नहीं आ रहे हैं, तो कारण यहां के सरोकारों तक जाता है। हम चुनाव में कूदने वालों को अलग नजरिए से देख रहे हैं या समाज के भीतर भी भरोसे की ईजाद कम हो गई।

राजनीति की सीढि□ां और पीढि□ां इसके लिए दोषी मान भी ली जाएं, मगर उस जनता का क्या करें जो पंचायत से लोकसभा तक अपने जनप्रतिनिधि से केवल यही आशा करती है कि हर मत का कुछ तो दाम, कुछ तो ईनाम मिले। मर्ज हमने खुद पैदा किया और अब खुद के चुने हुए नेताओं पर भरोसा नहीं। हम नेताओं से चुनावी जीत का हद से ज्यादा भुगतान चाहते हैं, इसलिए सरकारों के गठन में गारंटियों या रेवडि□ों का चलन इस कद्र सामने आ रहा है कि गारंटी अब सत्ता प्राप्ति का मोलतोल है। अगर हिमाचल का मतदान मुफ्त के तीन सौ यूनिट बिजली पर फिदा हो जाए या महिलाओं के नाम पर पंद्रह सौ रुपए प्रति माह के नाम पर सौदेबाजी कर ले, तो विश्वसनीयता के लिए आखिर कब तक नए वादे बिकते रहेंगे। जनता के अपने पैमाने हैं और जब हम देखते हैं कि हर चुनाव का दहेज चुकाते चुकाते प्रदेश अति कर्जदार हो रहा है, तो किस आधार पर कुशल नेतृत्व पर भरोसा करें। आखिर सरकारों की बनावट और सजावट में नेताओं की काबिलीयत क्यों चौराहों पर नीलाम होने लगी है। चालीस विधायकों के बलबूते कांग्रेस की सरकार विपक्षी भाजपा की संख्या से कहीं अधिक सशक्त थी, लेकिन राज्यसभा चुनाव ने कांग्रेस का कद, नेताओं की भद पिटवा दी। ऐसे में ठगा कौन गया। जनता का भरोसा या राज्यसभा का चुनाव। अगर कांग्रेस जीत भी जाती तो हिमाचल को ऐसा सांसद मिलता जिसका ताल्लुक प्रदेश से ढूंढ पाना मुश्किल हो जाता। कुछ ऐसा ही आनंद शर्मा को राज्यसभा में भेजकर हिमाचल की जनता का भरोसा टूटता रहा होगा। हम छह विधानसभा क्षेत्रों की जनता से पूछेंगे तो कहीं न कहीं विधायकों के कारण भरोसा टूटता हुआ नजर आएगा, तो कहीं कांग्रेस के कारण उस भरोसे पर भी दाग लगे होंगे जो सत्ता में नेता का चेहरा देखना चाहते होंगे।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# 'उद्धव ठाकरे से नाता तोड़ें...'

## नाराज संजय निरुपम ने कांग्रेस नेतृत्व से किया आग्रह



मुंबई : मुंबई कांग्रेस के पूर्व प्रमुख संजय निरुपम ने पार्टी नेतृत्व से महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के लिए 17 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी करने के तुरंत बाद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के साथ संबंध तोड़ने का आ''ान किया है। बुधवार को मीडिया से बात करते हुए निरुपम ने कहा, ''शिवसेना को उग्र रुख अपनाने से बचना चाहिए। इससे कांग्रेस को काफी नुकसान हो सकता है। मैं कांग्रेस नेतृत्व से हस्तक्षेप करने का आग्रह करता हूं; यदि नहीं, तो गठबंधन खत्म करने पर विचार करें।'' पार्टी की रक्षा के लिए। शिवसेना के साथ गठबंधन का निर्णय अंततः कांग्रेस के लिए आत्मघाती साबित हो सकता है।''

शिवसेना यूबीटी ने बुधवार को लोकसभा चुनाव 2024 से पहले अपने उम्मीदवारों की बहुप्रतीक्षित सूची जारी की। पहली सूची में 17 उम्मीदवार शामिल हैं, जिनमें अनिल देसाई को दक्षिण मध्य सीट से मैदान में उतारा गया है।

मौजूदा सांसद अरविंद सावंत को दक्षिण मुंबई सीट से और अमोल कीर्तिकर को उत्तर पश्चिम सीट से मैदान में उतारा गया है। दिलचस्प बात यह है कि अमोल के पिता गजानन कीर्तिकर, जो उत्तर पश्चिम मुंबई सीट से पूर्व सांसद हैं, सेना के विभाजन के बाद सीएम शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए।संजय निरुपम कथित तौर पर पार्टी नेतृत्व से असंतुष्ट हैं, खासकर राजनीतिक हलकों में हाल की चचाओं के बाद यह संकेत मिल रहा है कि उद्धव ठाकरे की पार्टी महा विकास अघाड़ी गठबंधन कोटे से मुंबई की अधिकांश सीटों के लिए उम्मीदवारों को नामांकित कर सकती है।कई मौकों पर निरुपम ने चिंता जताई है कि अगर ऐसा हुआ तो पार्टी के मुंबई कैडर को नैतिक झटका लगेगा।कुछ दिन पहले, उन्होंने ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को समर्थन देने के सबसे पुरानी पार्टी के फैसले पर भी सवाल उठाया था।

निरुपम ने सोशल मीडिया पोस्ट में नैतिकता पर सवाल उठाते हुए लिखा, ''दिल्ली के शराब घोटाले का सच अदालत को तय करना होगा. लेकिन इस घोटाले में भ्रष्टाचार का आरोप एक मुख्यमंत्री पर लगा है. उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है.'' हिरासत में हैं, फिर भी वह मुख्यमंत्री के पद पर बने हुए हैं। यह किस तरह की नैतिकता है?''हाल ही में उन्होंने एक अन्य यूजर के पोस्ट को रीट्वीट किया जिसमें कहा गया था, ''कांग्रेस को अपने फायरब्रांड और शक्तिशाली नेता (निरुपम) के बारे में चिंतित होना चाहिए। अन्यथा, उसे मुंबई में इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी, यह निश्चित है!''निरुपम के हालिया बयानों और गतिविधियों को उनकी पार्टी से संभावित विदाई के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है. राजनीतिक पर्यवेक्षक इस संभावना से इनकार नहीं करते कि आने वाले दिनों में कांग्रेस में उपेक्षित महसूस कर रहे निरुपम बीजेपी में शामिल हो सकते हैं.

## नवी मुंबई नगर पालिका के फुटपाथ पर बिल्डर का अनधिकृत कार्यालय...



**नवी मुंबईः** शहर में बिल्डरों की मनमानी बढ़ती जा रही है और एक तरफ जहां शहर में निर्माण के लिए ब्लास्टिंग के मनमाने इस्तेमाल की तस्वीर सामने आ रही है, वहीं वाशी और सीवुड्स डिवीजन में नवी मुंबई महानगरपालिका की मनमानी बढ़ती जा रही है। इस प्रकार के लोगों पर आंख मूंद ली जाए और नागरिकों में आक्रोश है। इस बीच, सीवुड्स ईस्ट क्षेत्र में, एक बिल्डर, अमोर ने नगर पालिका के फुटपाथ पर एक अनधिकृत कार्यालय स्थापित किया है और ऐसा देखा जा रहा है कि नगर पालिका के फुटपाथ को निगल लिया गया है।

इस बिल्डर के निर्माण से पड़ोस की बिल्डिंग की सुरक्षा दीवार भी टूट गई है और आलम यह है कि नगर पालिका जानबूझकर स्थानीय लोगों की अनदेखी कर रही है, जबकि उन्होंने नगर पालिका से इसकी शिकायत भी की है. शहर में बड़ी मात्रा में पुनर्विकास कार्य चल रहे हैं और सीवुड्स पामबीच रोड के साथ-साथ वाशी, नेरुल, बेलापुर, कोपरखैरणे डिवीजनों में भी बिल्डर नगर निगम अधिकारियों के साथ मिलकर मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं। सीवुड्स वेस्ट में कई सिडको कॉलोनियां हैं। उस स्थान पर पुनर्विकास और नए भवन निर्माण कार्य चल रहे हैं और नागरिक लगातार ब्लास्टिंग से पीड़ित हैं और यह देखा जा रहा है कि पड़ोसी इमारतों को भी नुकसान हो रहा है।

सेक्टर 25, सीवुड्स ईस्ट में अमोर बिल्डर द्वारा बहुमंजिला इमारत का निर्माण कार्य चल रहा है। इस बिल्डर द्वारा बिल्डिंग निर्माण के दौरान लगातार ब्लास्टिंग करने से बगल की बिल्डिंग की सुरक्षा दीवार भी टूट गयी है. नागरिकों ने नगर पालिका कार्यालय में शिकायत की है कि मनमाने ढंग से कार्य शुरू किया जा रहा है, जबकि नगर पालिका द्वारा निर्माण के लिए निर्धारित समय के अंदर ही कार्य किये जाने की उम्मीद है. उसी बिल्डर ने निर्माण स्थल पर नगरपालिका फुटपाथ पर अपना कार्यालय स्थापित किया है। ऐसे में फुटपाथ को ही निगल लिया गया है। इस खंड में विभिन्न स्कूल हैं और स्कूल का मैदान भी इस इमारत से सटा हुआ है।जैसे ही हजारों छात्र सीवुड्स रेलवे स्टेशन से गुजरते हैं, फुटपाथ को एक अनधिकृत कार्यालय द्वारा अवरुद्ध कर दिया गया है।

## आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए बीजेपी ने संजय राउत के खिलाफ ईसीआई का रुख किया...



**मुंबईः** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चुनाव आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के खिलाफ भारत चुनाव आयोग का रुख किया। भारत के चुनाव आयुक्त को संबोधित एक पत्र में, पार्टी ने आयोग से संजय राउत और उद्धव ठाकरे को प्रधानमंत्री और गुजरात के लोगों से 'बिना शर्त सार्वजनिक माफी' मांगने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। साथ ही, पत्र में उल्लिखित भारतीय दंड संहिता और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के विभिन्न प्रावधानों के तहत संजय राउत के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने और आपराधिक जांच का आदेश दें।

''हम आपका तत्काल ध्यान संसद सदस्य (राज्यसभा) और शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत द्वारा महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में एक पार्टी बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दिए गए बयान की ओर आकर्षित करना चाहते हैं। उनकी पार्टी के अध्यक्ष, उद्धव ठाकरे की, ''पत्र में कहा गया है। ''शिवसेना (यूबीटी) के एक सांसद और नेता संजय राउत ने दुखद रूप से सम्मानजनक और गरिमापूर्ण संचार के मानकों को तोड़ दिया, जिससे कानूनी कानूनों का उल्लंघन हुआ और राजनीतिक प्रवचन के बुनियादी सिद्धांतों को कमजोर किया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐतिहासिक तुलना की। अपनी निरंकुश प्रवृत्तियों और दमनकारी शासन के लिए कुख्यात शासक औरंगजेब का चरित्र न केवल अस्वीकार्य है, बल्कि बेहद अपमानजनक भी है।'' यह तब आया है जब शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने विदर्भ क्षेत्र के बुलढाणा में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी की तुलना औरंगजेब से की थी। उन्होंने कहा था कि जहां मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म महाराष्ट्र में हुआ था, वहीं औरंगजेब का जन्म पीएम मोदी के गृह राज्य वर्तमान गुजरात में हुआ था। ''दाहोद (गुजरात में) नामक एक जगह है जहां मोदी का जन्म हुआ था, और औरंगजेब का जन्म भी वहीं हुआ था।




# वसई विरार नगर निगम में 4 नए उपायुक्त की नियुक्त ...

## अतिरिक्त आयुक्त के रूप में संजय हेरवाडे की पुन: नियुक्ति

**वसई :** वसई विरार नगर निगम में 4 नए उपायुक्त नियुक्त किए गए हैं और संजय हेरवाडे को अतिरिक्त आयुक्त के रूप में फिर से नियुक्त किया गया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में तीन साल का कार्यकाल पूरा करने वाले अफसरों का तबादला कर दिया गया। इनमें वसई विरार नगर निगम के 6 और मीरा भायंदर नगर निगम के 2 उपायुक्तों का तबादला कर दिया गया।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रीय चुनाव आयोग ने राज्य सरकार को आयुक्त, अपर आयुक्त, उपायुक्त आदि के तबादले करने का निर्देश दिया था. इसलिए 19 मार्च को वसई विरार नगर निगम में 6 उपायुक्त और एक अतिरिक्त आयुक्त का तबादला कर दिया गया. अब इन खाली पदों पर नियुक्ति शुरू कर दी गई है. तदनुसार, 4 उपायुक्तों दीपक ज़िनजाद, गणेश शेटे, अर्चना दिवे और प्रियंका राजपूत को उपायुक्त नियुक्त किया गया है। संजय



हेरवाड़े को अतिरिक्त आयुक्त नियुक्त किया गया है. संजय हेरवाड़े पहले भी वसई विरार नगर निगम में कार्यरत थे।

पशुधन विकास अधिकारी किशोर गावस पिछले कुछ वर्षों से वसई विरार नगर निगम में उपायुक्त के पद पर तैनात थे। उन्हें हाल ही में अतिरिक्त आयुक्त के रूप में पदोन्नत किया गया और उनका कार्यकाल दो साल बढ़ा दिया गया। हालाँकि, उन्हें तुरंत स्थानांतरित कर दिया गया और उल्हासनगर नगर निगम में उपायुक्त के रूप में स्थानांतरित कर दिया गया। अतिरिक्त आयुक्त अजिंक्य बागड़े को जनवरी महीने में 1 साल का एक्सटेंशन दिया गया था. लेकिन उनका भी तबादला कर दिया गया है.

### इन अधिकारियों का वसई विरार से तबादला किया गया है...

**किशोर गावस – उपायुक्त, उल्हासनगर नगर पालिका**
**चारुशीला पंडित – उपायुक्त, लातूर नगर पालिका संघरत्न खिल्लारे – उपायुक्त, नवी मुंबई नगर पालिका**
**नैना ससाने उपायुक्त, भिवंडी निजामपुर नगर पालिका पंकज पाटिल सहायक आयुक्त, पिंपरी चिंचवड़ नगर पालिका तानाजी नारले सहायक आयुक्त, पिंपरी चिंचवड़ नगर पालिका**
**मीरा भयंदर से दो अधिकारियों का ट्रांसफर**
**मारुति गायकवाड़, उपायुक्त पनवेल नगर पालिका**
**संजय शिंदे उपायुक्त, पुणे नगर पालिका**

# उद्धव ठाकरे समूह के 17 उम्मीदवारों के नाम की पहली सूची घोषित...

## जानिए किसे मिला दोबारा मौका?

**मुंबई :** ठाकरे ग्रुप की पहली लिस्ट का ऐलान हो गया है। इसमें 17 उम्मीदवारों के नाम हैं। औरंगाबाद से चंद्रकांत खैरे को दोबारा मौका दिया गया है। सांगली से चंद्रहार पाटिल को मौका दिया गया है। रायगढ़ से अनंत गीते को उम्मीदवार बनाया गया है। परभणी से संजय जाधव को दोबारा मौका दिया गया है। उबाथा समूह के नेता और सांसद संजय राउत ने उम्मीदवारों की सूची की घोषणा की है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सूची तैयार है। इसके मुताबिक आज सुबह नौ बजे उम्मीदवारों की सूची की घोषणा की गई। उन्होंने कहा कि शिव सेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे के आशीर्वाद और शिव सेना पार्टी प्रमुख उद्धवजी ठाकरे के आदेश से, शिव सेना 17 लोकसभा उम्मीदवारों की सूची की घोषणा करने आ रही है।

धाराशिव से ओमराजे निंबालकर को एक बार फिर मौका दिया गया है।



सिंधुदुर्ग-रत्नागिरी लोकसभा क्षेत्र में विनायक राऊत पर फिर से भरोसा जताया गया है। सांगली सीट को लेकर महाविकास अघाड़ी में विवाद की आशंका है। इस सीट पर कांग्रेस ने दावा किया था। लेकिन, ठाकरे गुट ने चंद्रहार पाटिल का नाम तय किया है. इससे स्थानीय कांग्रेस नेताओं में नाराजगी होगी। चंद्रकांत खैरे को औरंगाबाद सीट पर एक और मौका मिलने की संभावना थी। लेकिन, विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने भी इस सीट के लिए इच्छा जताई थी। कांग्रेस के संजय निरुपम मुंबई सीट के लिए जिद कर रहे थे। लेकिन, अब जब ठाकरे गुट ने उम्मीदवार दे दिया है तो निरुपम में नाराजगी है। जानकारी है कि वह आज प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।

### पढ़ें 17 उम्मीदवारों की पूरी सूची...

**निर्वाचन क्षेत्र--उम्मीदवार का नाम**
**बुलढाणा- नरेंद्र खेडेकर**
**यवतमाल–वाशिम- संजय देशमुख**
**मावल- संजोग वाघेरे-पाटिल**
**सांगली- चंद्रहार पाटिल**
**हिंगोली- नागेश पाटिल आष्टीकर**
**संभाजीनगर- चंद्रकांत खैरे**
**धाराशिव- ओमराजे निम्बालकर**
**शिर्डी- भाऊसाहेब वाघचौरे**
**नासिक- राजाभाऊ वाजे**
**रायगढ़–अनंत गीता**
**सिंधुदुर्ग–रत्नागिरि–विनायक राऊत**
**थाने- राजन पूछो**
**मुंबई–उत्तर पूर्व- संजय दीना पाटिल**
**मुंबई–दक्षिण–अरविंद सावंत**
**मुंबई उत्तर पश्चिम- अमोल कीर्तिकर**
**परभणी- संजय जाधव**

# भिवंडी में होली में तेज आवाज में गाने बजाने पर एक युवक पर कुल्हाड़ी से हमला!

**ठाणे:** भिवंडी में होली का जश्न मनाने के लिए तेज आवाज में गाने बजाने पर एक युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया. इस संबंध में निजामपुरा थाने में मामला दर्ज कराया गया है. घायल राहुल गौतम मंगतपाड़ा इलाके में अपने दोस्तों के साथ रहता है. वह इलाके की एक करघा फैक्ट्री में काम करता है। सोमवार को होली होने के कारण राहुल ने अपने दोस्तों के



साथ होली मनाने के लिए लाउडस्पीकर लगाया था। सोमवार शाम को जब राहुल अपने दो दोस्तों के साथ धूलवाद मना रहा था, तभी इलाके में रहने वाला रामू गिरी वहां आ गया. उन्होंने लाउडस्पीकर बंद करने को कहा. इस पर राहुल गौतम ने उनसे कहा कि चूंकि यह हमारा होली का त्योहार है, इसलिए हम नाचेंगे और गाएंगे. इसके बाद रामू ने उन्हें गाली दी और चला गया। आधे घंटे बाद रामू फिर वहां आया. वह उनके साथ अभद्रता करने लगा। जब राहुल ने उसे गाली देने से मना किया तो रामू ने वहां पड़ी कुल्हाड़ी राहुल के पैर पर मार दी। रामू के पैर से खून बहने लगा तो वह चला गया। राहुल को उसके दोस्त घर ले गए। इसके बाद उन्होंने निजामपुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई. इस शिकायत के मुताबिक रामू के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है.

# होली के दिन एक 22 वर्षीय युवक की समुद्र में डूबने से मौत!

**वसई:** होली मनाने के बाद वसई के कलंबा समुद्र तट पर नहाने गए 22 वर्षीय युवक की सोमवार शाम को मौत हो गई. इस मृत युवक का नाम साई किरण चेनुरी है। वसई विरार शहर में सोमवार को होली बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कुछ नागरिक होली के अवसर पर वसई विरार में समुद्र तट पर भी एकत्र हुए। वसई पूर्व के गोखिवरे इलाके में रहने वाले साई किरण भी कलांब बीच पर गए थे. होली मनाने के बाद वह समुद्र में नहाने उतरा, इसी दौरान पानी का अंदाजा नहीं होने से वह समुद्र में डूब गया. लाइफगार्ड और पुलिस द्वारा उसकी तलाश की जा रही थी। देर रात तक उसका शव नहीं मिला। शव मंगलवार को वसई भुईगांव के समुद्र तट पर मिला। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रंजीत आंधले ने बताया कि वसई पुलिस स्टेशन में अचानक मौत का मामला दर्ज किया गया है।

# रंग लगाने के लिए एक नाबालिग लड़की को घर से खींचकर निकाला...

## आरोपी को छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट के तहत किया गया गिरफ्तार

**मुंबई:** रंग लगाने के लिए एक नाबालिग लड़की का हाथ पकड़कर उसे घर से बाहर खींचकर उसके साथ छेड़छाड़ करने वाले 35 वर्षीय आरोपी को डिंडोशी पुलिस ने गिरफ्तार किया है. शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विरोध करने पर आरोपी ने पीड़ित लड़की और उसकी मां की पिटाई कर दी. डिंडोशी पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है. मलाड में 35 साल का आरोपी 16 साल की लड़की को रंग लगाने के लिए पीड़िता को घर से



बाहर खींचने लगा. जब उसने मना किया तो आरोपी भड़क गया और पीड़िता के साथ मारपीट कर गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद पीड़ित लड़की की मां को भी पीटा गया. शिकायत में आरोप लगाया गया कि जब पीड़िता के पिता और चाचा ने भी उसे रोकने की कोशिश की तो आरोपी ने उनके साथ भी गाली-गलौज की और मारपीट की. घटना सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे की है. पीड़ित लड़की द्वारा मामले की शिकायत करने के बाद डिंडोशी पुलिस ने यौन शोषण से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.

# डोंबिवली में सुबह की सैर पर निकली एक महिला बारह दिनों से लापता...

**डोंबिवली:** रोजाना की तरह सुबह टहलने निकली एक महिला डोंबिवली से लापता हो गई है. इस महिला को उसके परिजन पिछले बारह दिनों से ढूंढ रहे हैं. लेकिन इस महिला का कहीं पता नहीं चलने से परिजन चिंतित हैं. इस संबंध में रामनगर थाने में शिकायत दर्ज करायी गयी है.

महिला का नाम सोनी दयानंद सिन्हा (47) है। वह अपने परिवार के साथ डोंबिवली पूर्व के सावरकर रोड इलाके में रहती थी। इस गुमशुदगी को लेकर दयानंद सिन्हा ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है. पुलिस ने बताया कि सोनी सिन्हा पिछले दस दिन पहले रोज की तरह सावरकर रोड से डोंबिवली इलाके की सड़कों पर टहलने निकली थीं. उसे एक घंटे में वापस आना था. लेकिन, दोपहर होने के बाद भी मां




घर नहीं आईं तो बच्चों ने काम पर गए पिता से संपर्क किया और बताया कि मां घर नहीं आई है. पति ऑफिस से तुरंत घर आना पसंद करते थे. इसी बीच बच्चों ने मां के व्हाट्सएप नंबर पर संपर्क किया। उस वक्त उसने कहा कि हम लोकल में हैं. आपके मोबाइल की बैटरी खत्म हो रही है. तो कुछ मिनटों के बाद मोबाइल जवाब नहीं देगा। इसके बाद सोनी का मोबाइल बंद हो गया. लगातार संपर्क के बावजूद उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया. सिन्हा परिवार ने सोनी को मुंबई शहर क्षेत्र डोंबिवली में अपने रिश्तेदारों के यहां खोजा। वे कहीं नहीं मिले. मामले की जांच रामनगर पुलिस कर रही है.




# ठाणे में पानी की किल्लत !

## फिलहाल पानी कटौती पर कोई निर्णय नहीं



**ठाणे:** मुंबई और ठाणे शहरों में पानी का मुख्य स्रोत भातसा बांध में बमुश्किल 31 फीसदी पानी बचा है. चूंकि यह जल भंडार केवल दो माह के लिए ही पर्याप्त है, हालांकि शहरों पर जल संकट का संकट मंडराने की आशंका है, लेकिन संबंधित प्राधिकारी द्वारा जल संकट को लेकर कोई आदेश लागू नहीं किया गया है. इसके चलते ठाणे नगर निगम ने अभी तक पानी कटौती को लेकर कोई फैसला नहीं लिया है, जिससे ठाणे के लोगों को फौरी राहत मिल गई है. ठाणे नगर निगम क्षेत्र में प्रतिदिन चार स्रोतों से 585 मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति की जाती है। इसमें नगर निगम की अपनी योजना से 250 मिलियन लीटर, एसटीईएम प्राधिकरण से 115 मिलियन लीटर, महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम से 135 मिलियन लीटर और मुंबई नगर निगम से 85 मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति की जाती है।इसलिए ये सभी स्रोत शहर में जलापूर्ति की दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जाते हैं. इसमें से ठाणे नगर निगम अपनी योजना के लिए भातसा बांध से पानी खींचता है और शहर को आपूर्ति करता है।इसी तरह, मुंबई नगर निगम भी भटसा बांध से पानी खींचता है और ठाणे शहर को आपूर्ति करता है। इस प्रकार, भातसा बांध से ठाणे शहर को प्रतिदिन कुल 335 मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति की जाती है।

# महाराष्ट्र में एमवीए गठबंधन को झटका !

## प्रकाश आंबेडकर नहीं करेंगे गठबंधन, 8 सीटों पर उतारे उम्मीदवार

**अकोला :** वंचित बहुजन आघाडी (वीबीए) के अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर ने बुधवार को महाराष्ट्र में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के नाम का ऐलान करते हुए संकेत दिया कि उनकी पार्टी विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) के साथ गठजोड़ नहीं करेगी. आंबेडकर ने यहां संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि एमवीए के घटक दल-कांग्रेस, एनसीपी (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना (यूबीटी) वंशवादी राजनीति के प्रचार के लिए उनकी पार्टी का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं.



डॉ बीआर आंबेडकर के पोते प्रकाश आंबेडकर ने पहले चरण के चुनाव के लिए अपनी पार्टी के आठ प्रत्याशियों के नाम घोषित किए, जिनमें उन्होंने अकोला से अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की. आंबेडकर ने कहा, 'वे (एमवीए) वंशवादी राजनीति के प्रचार के लिए वीबीए का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं जिसका हमने विरोध करने की कोशिश की है.'

वीबीए ने भंडारा गोंदिया से संजय केवट, गढ़चिरौली से हितेश मडावी, चंद्रपुर से राजेश बेले, बुलढाणा से वसंत मागर, वर्धा से राजेंद्र सालुंखे, अमरावती से प्राजक्ता पिल्लेवार और यवतमाल-वाशिम से खेमसिंह पवार को मैदान में उतारा है. कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) ने इनमें से अधिकतर सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं. आंबेडकर ने आरोप लगाया कि एमवीए के घटक दल मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे से जुड़े पहलू पर विचार नहीं कर रहे. उन्होंने दावा किया कि जरांगे ने पहले चरण के चुनाव में वीबीए के उम्मीदवारों को समर्थन देने की घोषणा की है. आंबेडकर ने कहा कि पार्टी की प्रदेश समिति ने इस बारे में भी चर्चा की है कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), मुस्लिम, जैन समुदायों से और समाज के गरीब तबकों से प्रत्याशी उतारे जाएंगे.

# मुंबई के हुक्का पार्लर पर पुलिस की रेड !

## बिग बॉस 17 के विजेता मुनव्वर फारूकी भी हिरासत में लिए गए

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने मंगलवार रात एक हुक्का पार्लर में छापेमारी कर स्टैंड-अप कॉमेडियन और बिगबॉस फेम मुनव्वर फारूकी को हिरासत में ले लिया था. हुक्का पार्लर में अवैध सेवन की जानकारी मिलने के बाद पुलिस वहां छापेमारी करने पहुंची थी. हिरासत में लिए गए लोगों में मुनव्वर फारूकी का नाम भी शामिल है. रेड से जुड़े एक अधिकारी ने बताया, ''हमारी टीम ने हुक्का के नाम पर तंबाकू के इस्तेमाल होने की जानकारी मिलने के बाद मुंबई के हुक्का बार पर छापा मारा, वहां से मिली हुईं चीजों की जांच के बाद हिरासत में लेकर मामला दर्ज किया गया है. पकड़े गए लोगों में मुनव्वर फारूकी भी शामिल था.''

**पूछताछ के बाद मुनव्वर फारूकी समेत अन्य रिहा**

मुंबई पुलिस की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, फोर्ट इलाके के हुक्का पार्लर में रेड के दौरान हिरासत में लिए गए बिग बॉस 17 विनर मुनव्वर फारूकी और 13 अन्य को पूछताछ के बाद रिहा कर दिया गया. उन सभी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.

**मुनव्वर ने शेयर की एयरपोर्ट की तस्वीर**

पुलिस के मुताबिक, शहर के फोर्ट इलाके में अवैध रूप से हुक्का पार्लर चलाया जा रहा था. उस पर



छापेमारी कर 4,400 रुपए नकद और 13,500 रुपए की कीमत के 9 हुक्का पॉट जब्त किए गए. सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है. मुंबई पुलिस की तरफ से हिरासत में लिए जाने की खबर के बाद मुनव्वर फारूकी ने अपने इंस्टाग्राम पर एयरपोर्ट की एक तस्वीर शेयर की है. जिसमें कैप्शन लिखा है, ''थका हुआ होने के बाद भी ट्रैवर कर रहा हूं.''

**पहले भी विवादों में रहे मुनव्वर फारूकी**

32 साल के स्टैंड-अप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी का विवादों से पुराना नाता रहा है. साल 2021 में एक स्टैंड-अप शो के दौरान हिंदू देवी-देवताओं पर टिप्पणी करने के बाद धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज हुई थी और उन्हें एक महीने जेल में रहना पड़ा था. इस घटना के बाद मुनव्वर ने कॉमेडी छोड़ने का ऐलान किया था. दरअसल दक्षिणपंथी समूहों की धमकियों की वजह से दो महीने के भीतर उनके 12 शो रद्द कर दिए गए थे.

# महाराष्ट्र में 'ड्रग फैक्टरी' का भंडाफोड़,

## 150 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त !

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने महाराष्ट्र के सांगली जिले में एक 'ड्रग फैक्टरी' का भंडाफोड़ कर करीब 150 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की करीब 100 किलोग्राम 'मेफेड्रोन' (मादक पदार्थ) जब्त की है. एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर अपराध शाखा के अधिकारियों ने रविवार शाम को छापेमारी की और इराली गांव में मादक पदार्थ निर्माण इकाई का भंडाफोड़ किया. अधिकारी ने बताया कि इकाई एक खेत में स्थित थी, जहां से पुलिस ने 100 किलोग्राम से अधिक 'मेफेड्रोन' जब्त की, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 150 करोड़ रुपये से अधिक है.

# कल्याण रेलवे स्टेशन पर एक महिला यात्री से दो लाख की ठगी !

**कल्याण:** जबलपुर के एक कारोबारी ने मुंबई में अपने भाई को देने के लिए एक महिला को दो लाख रुपये दिये. महिला ने जबलपुर से एक्सप्रेस से अपनी यात्रा शुरू की थी. कल्याण लोहमार्ग पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई है कि महिला ने खडवली और कल्याण रेलवे स्टेशनों के बीच पैसे का गबन किया और पैसे को संबंधित व्यक्ति को दिए बिना अपने फायदे के लिए इस्तेमाल किया।व्यापारी का नाम पंजू गोस्वामी




(39) है। उनका व्यवसाय खिलौने बेचने का है। वह जबलपुर में कारोबार करता है। आरोपी महिला का नाम संगीता हीरालाल ठाकुर (33) है। इस महिला ने पैसों का गबन किया है. यह महिला जबलपुर के पटेल मोहल्ला इलाके में रहती है. पुलिस ने बताया कि पंजू गोस्वामी जबलपुर में खिलौने का व्यापारी है। उसने आरोपी संगीता ठाकुर को अपने कारोबार से मिले दो लाख रुपये मुंबई में रहने वाले गौतमगिरी दिलीपगिरी गोस्वामी को देने के लिए ट्रस्ट में दिए थे। संगीता पैसे लेकर शुक्रवार को जबलपुर से एक्सप्रेस से मुंबई की ओर चल पड़ी।

# क्या महाराष्ट्र में राज ठाकरे होंगे 'शिंदे की सेना' में शामिल...?

## 'मराठी माणूस वोट' अपने हिस्से में करने का प्लान...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना चीफ राज ठाकरे और बीजेपी नेतृत्व के बीच हालिया मुलाकात ने महाराष्ट्र की राजनीति में भूचाल ला दिया है. राज ठाकरे ने दिल्ली में पहले बीजेपी नेता विनोद तावड़े और फिर गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक की थी. वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस के साथ भी बैठक कर चुके हैं. इन मुलाकातों के बाद आगामी आम चुनाव और इस साल के अंत में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन की अटकलें लगने लगीं हैं. राज ठाकरे और विनोद तावड़े की मुलाकात से कई संभावनाएं खुल सकती हैं. इनमें राज ठाकरे का एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ अपनी पार्टी का विलय करना और पार्टी के पारंपरिक 'धनुष और तीर' चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ना भी शामिल है.

एकनाथ शिंदे को चुनाव आयोग के फैसले के बाद पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह मिल गया. भले ही उन्हें ज्यादातर विधायकों, सांसदों और पार्षदों का समर्थन प्राप्त हो, लेकिन 'मराठी माणूस' की भावना अभी भी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट के साथ है. यह शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे ही थे, जिन्होंने मराठा समुदाय को एकजुट



किया और उनमें एकता की भावना स्थापित की. ठाकरे नाम और शिव सेना का 'धनुष और तीर' प्रतीक समुदाय की राजनीतिक इच्छाशक्ति को एकजुट करने वाला गोंद रहा है.

जबकि एकनाथ शिंदे ने शिवसेना में विभाजन पैदा किया और बीजेपी की मदद से मुख्यमंत्री बने, सूत्रों का कहना है कि उन्हें राजनीतिक रूप से शक्तिशाली मराठा समुदाय का समर्थन प्राप्त नहीं है. अब, अगर कोई ठाकरे 'धनुष और तीर' प्रतीक पर लड़ते हैं और मराठों की एकता का आ''न करते हैं, तो यह बीजेपी के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन के लिए एक आसान रास्ता हो सकता है, जिसमें अजीत पवार के नेतृत्व वाला राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी गुट भी शामिल है. यही कारण हो सकता है कि जब राज ठाकरे बीजेपी नेतृत्व से मिलने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में थे, तब उद्धव ठाकरे ने तुरंत कहा कि बीजेपी 'ठाकरे' को चुराने की कोशिश कर रही है.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com